# प्रेस नोट थाना गगहा जनपद गोरखपुर दिनांक 11.09.2025

**चोरी का अपराध कारित करने के आरोप में 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 05 जोड़ी पायल व 06 जोड़ी बिछिया बरामद**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा चोरी के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी बांसगांव के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष गगहा के नेतृत्व में उ0नि0 अनिस कुमार सिंह मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 307/2025 धारा 305ए बीएनएस से संबंधित अभियुक्तों 1.दीपक 2. होरीलाल को चोरी की 05 जोड़ी पायल व 06 जोड़ी बिछिया सफेद धातु के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण**

दिनांक 08.05.2025 की रात वादी मकान से अज्ञात चोरों द्वारा आभूषण, 10,000 रूपये व लैपटाप चोरी कर लिया गया था जिसके संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-**

1. दीपक पुत्र स्व0 सांगुन निवासी बलरामपुर थाना निगोही जनपद शाहजहांपुर
2. होरीलाल पुत्र घोरही निवासी मिलकिया थाना निगोही जनपद शाहंजहांपुर

**गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 307/2025 धारा 305ए,317(2) बीएनएस थाना गगहा जनपद गोरखपुर

**बरामदगी-**

05 जोडी पायल व 06 जोडी बिछिया सफेद धातु

**गिरफ्तारी की टीम-**

1. उ0नि0 अनिश कुमार सिंह थाना गगहा जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 अंकुर कुमार थाना गगहा जनपद गोरखपुर
3. कां0 धर्मेन्द्र यादव थाना गगहा जनपद गोरखपुर
4. कां0 शुभम सिंह थाना गगहा जनपद गोरखपुर